प्रेस विज्ञप्ति

राज भवन, राँची

दिनांक : 25 मई, 2025 :-

(1) माननीय लोक सभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला जी के आज राज भवन, राँची आगमन पर माननीय राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव डॉ. नितिन कुलकर्णी द्वारा उनका स्वागत किया गया। उक्त अवसर पर माननीय रक्षा राज्य मंत्री श्री संजय सेठ भी मौजूद थे।

---

(2) माननीय राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार द्वारा आज लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला के सम्मान में रात्रि भोज का आयोजन किया गया। इसमें रक्षा राज्य मंत्री श्री संजय सेठ, झारखण्ड विधानसभा अध्यक्ष श्री रबीन्द्र नाथ महतो, राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री एवं ओडिशा के पूर्व राज्यपाल श्री रघुवर दास, पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष श्री बाबूलाल मरांडी, राज्यसभा सांसद श्रीमती महुआ माजी समेत अन्य सांसदगण, विधायकगण एवं विभिन्न प्रतिष्ठानों के वरिष्ठ अधिकारीगण सम्मिलित हुए।

इसके उपरांत राज्यपाल महोदय द्वारा माननीय लोकसभा अध्यक्ष महोदय को स्मृति चिन्ह भी भेंट किया गया।